समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# कोरोना वैक्सीन की वजह से लोगों को आ रहा है हार्ट अटैक ? स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिया जवाब, सामने आई चौंकाने वाली रिपोर्ट।

Publisher
Published on 02 Jul 2025



## ICMR और AIIMS की स्टडी ने कोविड वैक्सीन और अचानक मौतों के बीच किसी भी सीधे संबंध से किया इनकार, जाने रिपोर्ट की अहम बाते।

**कोविड-19 वैक्सीन और अचानक मौतों का संबंध नहीं: ICMR और AIIMS की स्टडी**
**ICMR: कोरोना वैक्सीनेशन** और अचानक मौतों के बीच के संबंध को लेकर उठते सवालों का अब स्पष्ट जवाब मिल चुका है। **ICMR (Indian Council of Medical Research) और AIIMS (All India Institute of Medical Sciences)** की नई स्टडी में यह साफ किया गया है कि भारत में **कोविड वैक्सीन** और **अचानक मौतों** के बीच कोई **सीधा संबंध** नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह मौतें **वैक्सीनेशन** के कारण नहीं, बल्कि पहले से मौजूद **बीमारियों, खराब जीवनशैली** और **आनुवांशिक कारणों** की वजह से हो रही हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगर किसी व्यक्ति को पहले से **हृदय रोग (हार्ट डिजीज), शुगर** या **हाई ब्लड प्रेशर** जैसी समस्याएं हैं और उनका इलाज सही से नहीं किया गया है, तो उनके लिए मौत का खतरा बढ़ सकता है।

**स्टडी मे क्या सामने आया ?**
१. **वैक्सीनेशन और अचानक मौतों के बीच कोई सीधा संबंध नहीं पाया गया।**
२. **वैक्सीनेशन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ है।**

३. **हार्ट अटैक, खराब जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और आनुवांशिक कारण इन मौतों के प्रमुख कारण पाए गए।**

**ICMR** की स्टडी में देश के **47 बड़े अस्पतालों** में हुई जांच में यह पाया गया कि अचानक मौतें **अक्टूबर 2021 से मार्च 2023** तक हुईं, लेकिन इन मौतों का वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं था।

### अभी जारी है AIIMS-ICMR का संयुक्त अध्ययन

**AIIMS** और **ICMR** द्वारा किया गया दूसरा अध्ययन अभी जारी है, और इसका उद्देश्य अचानक मौतों के कारणों की गहराई से जांच करना है। प्रारंभिक निष्कर्षों के मुताबिक, **हार्ट अटैक** (**मायोकार्डियल इन्फार्क्शन**) को सबसे आम कारण के रूप में पाया गया है। इसके अलावा, आनुवांशिक कारण भी मौतों का एक प्रमुख कारण पाए गए हैं।

इस अध्ययन में यह भी सामने आया है कि पिछले वर्षों के मुकाबले अचानक मौतों की संख्या में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से की अपील

स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि **कोविड-19 वैक्सीन सुरक्षित** है और इसे लेकर **कोई डरने की जरूरत नहीं** है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की कि वे **वैक्सीनेशन** को लेकर फैली **गुमराह खबरों** से प्रभावित न हों और इसे **संवेदनशीलता** और **समझदारी** से लें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.